सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 102 | इंदौर, सोमवार 27 अक्टूबर, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## सीएम डॉ. मोहन यादव आज इंदौर में

● 8 करोड़ से बनी फूड एंड ड्रग लैब का करेंगे लोकार्पण; विकास कार्यों की देंगे सौगात



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 27 अक्टूबर सोमवार को इंदौर आएंगे। वे यहां आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर अनेक विकास कार्यों की सौगात देंगे।**

प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री पहले नंदानगर गोल स्कूल प्रांगण में आयोजित महाराज राजेंद्रदास की कथा कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद वे तलावली चांदा में 8.30 करोड़ की लागत से बनी नवनिर्मित फूड एंड ड्रग लैब का लोकार्पण करेंगे। यहां से वे ब्ल्यू लोटस गार्डन पश्चिमी रिंग रोड, स्कीम 140 स्थित बरसाना गार्डन और फिर ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर नक्षत्र गार्डन में आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे।

इन विकास कामों का करेंगे भूमिपूजन


मेयर पुष्यमित्र भार्गव ने बताया विधानसभा 3 और 4 में अमृत-2.0 योजना और मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना निर्माण योजना के तह 55 करोड़ से अधिक के विभिन्न विकास कामों का शुभारंभ करेंगे। इसी कड़ी में अमृत-2.0 योजना के छावनी चौराहा से चंद्रभागा ब्रिज तक 6 करोड़ की लागत से 300 एमएम व्यास से 900 एमएम व्यास की कुल लंबाई 3.0 किमी. की सीवर लाइन बिछाई जाने का काम का शुभारंभ करेंगे। इससे क्षेत्र के रहवासियों को जलमल निकासी संबंधित आवश्यक सुविधाओं और कान्ह नदी शुद्धिकरण में लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री इसी योजना के तहत विधानसभा 4 के सुदामा नगर सेक्टर डी और ई में 30 करोड़ की लागत से कुल 34.235 किमी सीवर लाइन बिछाने का काम का शुभारंभ करेंगे।


ऐसे ही रामबाग चौराहा से अहिल्या आश्रम तक रिव्हर फ्रंट तक19.25 करोड़ की लागत से कुल लंबाई 1.13 किमी से संबंधित विकास काम किया जाएगा। इसमें नदी के दोनों किनारों पर सौंदर्यीकरण संबंधित कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जिसमें वाक-वे निर्माण, गेबियन वॉल, पिचिंग, स्ट्रीट लाइट और आकर्षक म्युरल वाल आर्ट आदि काम किए जाना प्रस्तावित है। इस क्षेत्र को एक रमणीय स्थल के रूप में विकसित किया जा सकेगा।

## 9 दिन की यात्रा ये प्रवास नहीं है...ये केवल यात्रा भी नहीं है....ये मेरी दृष्टि में 9 दिन का एक अनुष्ठान है.... अंतर यात्रा है... भीतर जाने का... - पू.मोरारी बापू

**The Ram Yatra - a historical voyage covering 8,000km in 11 days. The journey begins by train from Chitrakoot to Rameswaram (India), continues by flight to Colombo (Sri Lanka), and culminates in Ayodhya (India), where Lord Ram returned after 14 years of exile to be crowned king.**

**Dates: 25th October to 4th November 2025**




## 68 अलग-अलग तरीके

## हेलमेट-बेल्ट नहीं..., स्टेपनी, टायर फटा होना, शीशा टूटा होने पर भी बनेगा चालान !

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। ट्रैफिक नियमों को देखा जाए तो चालान कई तरीके से हो सकता है। इस चालान की कार्रवाई में सिर्फ हेलमेट या सीट बेल्ट के साथ ही धूम्रपान, साइलेंसर और स्टेपनी तक पर जुर्माना होता है। आज के दौर में लोग ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन करने के बारे में बिना सोचे गलतियां करते हैं।**

आमतौर पर लोग जैसे हेलमेट न पहनना, सीट बेल्ट न लगाना और या फिर तेज रफ्तार से वाहन चलाना ही जुर्माने की श्रेणी को जानते हैं। बता दें कि वास्तव



में ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन के 68 अलग-अलग तरीके हैं, जिनमें से आम जनता को इसके बारे में जानकारी तक नहीं होती। इसके कारण वह गलती करते हैं। ट्रैफिक पुलिस के अनुसार दिन तरह-तरह के उल्लंघनों से निपटना पड़ता है। खासकर कमर्शियल और भारी वाहनों से जुड़ी गाड़ियों में, जहां नियम निजी वाहनों और दोपहिया वाहनों की तुलना में अधिक सख्त हैं। इस नियम में साधारण गलतियों के साथ कई ऐसे नियम भी हैं, जिनके बारे में वाहन चालक और ड्राइवर भी अनजान है।

नियम में स्टेपनी (स्पेयर टायर) न होना, टायर फटा होना, शीशा टूटा होना, बस की फुटबोर्ड पर यात्री बैठाना, मालवाहक वाहन में यात्रियों को बैठाना, पार्किंग लाइट या हेडलाइट खराब होना, इंडिकेटर काम न करना आदि।

1. संशोधित साइलेंसर, अत्यधिक हॉर्न बजाना, मल्टी-साउंड हॉर्न, अनधिकृत व्यक्ति को वाहन चलाने देना, ड्राइविंग करते समय धूम्रपान करना, वाहन पर बिना अनुमति विज्ञापन लगाना या बिना अनुमति रेसिंग करने पर भी चालान कट सकता है।
2. यहां तक कि ड्राइवर का यात्रियों से दुर्व्यवहार करना, मीटर से अधिक किराया लेना या मीटर खराब होने पर भी चालान बन सकता है।
3. अगर कोई चालक वर्दी में नहीं है या पुलिसकर्मी के इशारे पर वाहन नहीं रोकता, तो उस पर जुर्माना हो सकता है।
4. कमर्शियल ड्राइवरों पर फायर एक्सटिंग्विशर या फर्स्ट एड बॉक्स न रखने, यात्रियों के बीच रास्ते असुरक्षित स्थानों पर उतारने और यात्रा से मना करने पर भी कार्रवाई होती है।

मंत्री विजयवर्गीय बोले-

# खिलाड़ी बाहर घूमने लोकल व्यक्ति को लेकर निकले

**इंदौर। आस्ट्रेलिया की दो महिला खिलाड़ियों के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना को लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का नया बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी जब भी बाहर निकले तो वे लोकल आदमी को साथ में लेकर निकले। इस घटना को सभी को सबक की तरह लेना चाहिए।**

विजयवर्गीय ने एक एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि वे कही बाहर गए हुए थे, तb उन्होंने फुटबाल खिलाड़ियों के कपड़े फटे हुए देखे थे। लड़कियां खिलाड़ियों को चूम रही थी। कभी कभी खिलाड़ियों को भी उनकी लोकप्रियता का एहसास नहीं होता। खिलाड़ियों को यह घटना एक सबक की तरह लेना चाहिए। पुलिस प्रशासन ने आरोपी अकील पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत एक्शन लिया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया। पुलिस को एक दिन का



रिमांड मिला है। आपको बता दे कि इंदौर के रेडिसन होटल से कैफे जाते समय आस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम की दो महिला खिलाडियों को आरोपी ने सेल्फी लेने के बहाने गलत तरीके से टच किया था। वह उनका पीछा भी करना लगा था। इससे महिला क्रिकेट सहम गई औ रोने लगी। इस बीच एक कार चालक मदद के लिए रुका और उनसे अकील की बाइक का नंबर नोट दिया। बाइक आरोपी की बहन के नाम पर थी। उसे जब पता चला कि पुलिस उसे खोज रही है तो उनसे मोबाइल फोन बंद कर लिया। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस ने उसे खोज निकाला। इस मामले में एमपीसीए ने भी खेद जताया है और कहा कि इस तरह की घटना से इंदौर की छवि धूमिल हुई है। जिस इंदौर की पहचान मां अहिल्या की नगरी के रूप में होती है, जिस शहर की पहचान देश स्वच्छता के कारण हो, उस शहर पर अकील खान नाम के मनचले की हरकतों बदनामी के छींटे डाल दिए। इंदौर की सराफा चौपाटी पर आधी रात को महिलाएं बिना किसी संकोच के पारंपरिक भोजन का स्वाद लेने पहुंचती हों, वहां दिनदहाड़े आस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेटरों से छेड़छाड़ से पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सहित पूरा शहर स्तब्ध है।

### एमपीसीए ने माफी मांगी

मप्र क्रिकेट संगठन (एमपीसीए) ने मेजबान होने के नाते घटना के लिए माफी मांगी है। संगठन सचिव सुधीर असनानी ने अपने बयान में कहा- इंदौर हमेशा से विदेशी टीमों और अन्य लोगों के लिए सुरक्षित स्थल रहा है। एक व्यक्ति की हरकत ने शहर की साख को धूमिल करने का काम किया है। मेजबान होने के नाते एमपीसीए आस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट से इस निंदनीय घटना के लिए माफी मांगता है। स्थानीय पुलिस और प्रशासन इस पूरे मामले की जांच कर रही है। एमपीसीए इस मुश्किल समय में मजबूती से खिलाड़ियों के साथ खड़ा है और हर संभव मदद के लिए तैयार है।

# बारिश के साथ मौसम में ठंडक

**इंदौर। शहर में शनिवार से मौसम बदलने लगा है। इस दौरान तापमान में गिरावट के साथ मौसम में ठंडक है। बीती रात कई क्षेत्रों में बारिश हुई जिससे मौसम में ठण्डक घुली हुई है। पिछले 24 घंटों में दिन के तापमान में 3 डिग्री और रात के तापमान में 2 डिग्री की गिरावट आई है। रविवार सुबह भी कहीं-कहीं बारिश हुई और अब बादलों के छाने के साथ मौसम ठंडा है। मौसम वैज्ञानिकों ने अभी तापमान में गिरावट के आसार जताए हैं।**

दरअसल अभी देश के दक्षिणी



हिस्से में लो प्रेशर एरिया एक्टिव होने का असर इंदौर सहित मौसम बदला है। पहले शुक्रवार को दिन का तापमान 31.9 (0) डिग्री सेल्सियस और रात का तापमान 22.4 (+6) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। फिर शनिवार को दिन के तापमान में 3 डिग्री की गिरावट आई और 28.6 (-4) डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। रात के तापमान में 1 डिग्री की गिरावट आई और 20.6 C (+4) डिग्री सेल्सियस रहा। इस दौरान 24 घंटों में 1.9 मिमी बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 25 के बाद 26 और 27 अक्टूबर को भी सिस्टम का असर ज्यादा रहेगा। अभी पूर्व मध्य अरब सागर के ऊपर लो प्रेशर एरिया एक्टिव है, जिसका असर 4 दिन तक प्रदेश में देखने को मिलेगा। इस वजह से विजिबिलिटी भी कम हो गई। इंदौर में अक्टूबर में जैसी ठंड होती है, उसका असर शरद पूर्णिमा के बाद ही देखने को मिल जाता है, लेकिन अक्टूबर के 24 दिनों में मात्र दो दिन ठंड का अहसास हुआ है।

# हिंदूवादी नेता को धमकी देने पर FIR आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर में विश्व हिंदू परिषद के सामाजिक समरसता विभाग के पदाधिकारी तन्नू शर्मा को इंस्टाग्राम पर आपत्तिजनक पोस्ट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।**

छत्रीपुरा थाना पुलिस के अनुसार, तन्नू शर्मा निवासी आदर्श इंदिरा नगर ने शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी अल्तमस निवासी छत्रीपुरा ने सोशल मीडिया पर उनकी एक खबर के नीचे आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए सिर कलम करने की धमकी दी थी। आरोपी ने तन्नू को "आतंकी" बताते हुए लिखा कि वह हिंदुत्व के नाम पर आतंक फैला रहा है। शिकायत के अनुसार, कुछ समय पहले देवास के कमलापुर थाना क्षेत्र में तन्नू शर्मा पर हमला हुआ था। उस घटना की जानकारी सोशल मीडिया पर प्रसारित हुई, जिसके बाद आरोपी ने इंस्टाग्राम पर धमकी भरी पोस्ट डाली। घटना के विरोध में हिंदूवादी संगठनों ने कुछ दिन पहले थाने का घेराव कर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद शनिवार को आरोपी अल्तमस के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया। कोर्ट में पेशी के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है।

# महापौर ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया निरीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** रविवार को महापौर पुष्यमित्र भार्गव सिरपुर तालाब क्षेत्र में बन रहे 20 एमएलडी क्षमता वाले सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) का निरीक्षण करने पहुंचे। उनके साथ जलकार्य प्रभारी अभिषेक शर्मा बबलू, पार्षद शानू शर्मा और संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

महापौर ने कहा कि सिरपुर तालाब, जो शहर की ऐतिहासिक और पर्यावरणीय धरोहर है, जल्द ही सीवरेज के दूषित पानी से मुक्त हो जाएगा। तालाब में आसपास की कॉलोनियों से बहकर आने वाला गंदा पानी अब नहीं जाएगा। उन्होंने बताया कि तालाब के पानी को स्वच्छ बनाए रखने के लिए एसटीपी निर्माण का काम तेजी से चल रहा है।महापौर ने कहा कि एसटीपी पूरा होने के बाद न केवल तालाब को दूषित पानी से राहत मिलेगी, बल्कि इसके माध्यम से निकला ट्रीटेड वाटर आसपास के विकसित हो रहे बगीचों और कॉलोनियों की



हरियाली के लिए भी उपयोगी होगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एसटीपी निर्माण काम गुणवत्ता और समय सीमा दोनों का ध्यान रखते हुए पूरा किया जाए।

## ब्राउन शुगर के साथ पकड़ाया आरोपी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** एक पेडलर को पकड़ाया है। आरोपी के पास से करीब 1 लाख रुपए की ब्राउन शुगर जब्त की गई है। इसे पुड़िया बनाकर बेचता था। बस स्टैंड और ऑटो स्टैंड के पास इसकी डिलीवरी देने जाता था। पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर रही है। उसने बताया कि वह मंदसौर के रास्ते राजस्थान से ब्राउन शुगर लेकर आता था। हीरानगर पुलिस ने अरूण पुत्र संजय चौरसिया निवासी सागर विहार कॉलोनी को पकड़ा है। आरोपी पूर्व से शातिर बदमाश है। जो पहचान बदलकर घूम रहा था। उसके पास से करीब 1 लाख रूपए कीमत की ब्राउन शुगर मिली है। आरोपी ने बताया कि वह बाहर से ब्राउन शुगर सस्ते दामो पर लेकर आता और उसे यहां मजदूर वर्ग के लोगों को महंगे दामों पर देता। अरूण के पूर्व के अपराधों की जानकारी भी पुलिस निकाल रही है।

## महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** हीरानगर थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक 32 वर्षीय महिला ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उसे तत्काल एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हीरानगर पुलिस के अनुसार, रविदास नगर निवासी संतोषी (32) पत्नी प्रदीप ने अपने घर में फांसी लगाई। घटना की जानकारी रात करीब 8 बजे पुलिस को मिली। रविवार को एमवाय अस्पताल पहुंची पुलिस ने पति प्रदीप के बयान दर्ज किए। उन्होंने बताया कि घटना के समय वे काम पर गए थे। उनके दो बच्चे घर के बाहर खेल रहे थे, तभी संतोषी ने यह कदम उठा लिया। प्रदीप पेशे से बेलदारी का काम करते हैं। दोनों की शादी को लगभग 13 साल हो चुके हैं। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

सफाई मित्रों के साथ जनप्रतिनिधियों ने सुनी मन की बात

## मंत्री विजयवर्गीय बोले-भारत में बनी कॉफी ढूंढकर पीना शुरू करूंगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** पीएम नरेंद्र मोदी रविवार को अपने मन की बात की। इसे लेकर इंदौर के साथ ही सांवेर में भी तैयारियां की गई थीं। इंदौर में जाल सभागृह में ये आयोजन किया गया, जिसमें सफाई मित्रों के साथ महापौर और जनप्रतिनिधि शामिल हुए। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा प्लास्टिक के बदले खाने की जो व्यवस्था भोपाल में हुई है, वो व्यवस्था बहुत अच्छी है। मैं भी वहां जाकर समझूंगा। फिल्टर कॉफी के शौकीन ही इंडियन कॉफी पीते हैं। बाकी सब विदेशी कॉफी पीते हैं। मैं अभी जाते ही भारत के उड़ीसा में बनने वाली कॉफी ढूंढूंगा कि कॉफी कहां है। मैंने बंद कर दी थी, अब मैं फिर से पीना शुरू करूंगा। ऐसे ही उन्होंने एक बार मन की बात में मिलेट्स को श्री अन्न नाम दिया। पहले ये दो रुपए किलो मिल रहा था अब सौ रुपए में मिल रहा है। इससे वनवासी लोग संपन्न हो रहे हैं। मन की बात के जरिए वे छोटी-छोटी बातों से बड़ा परिवर्तन लाते हैं। सांसद शंकर लालवानी ने बताया कि हर मन की बात विशेष होती है। हर बार मोटीवेशन मिलता है। भारत की कॉफी पूरे विश्व में प्रसिद्ध हो रही है। बिरसा मुंडा जी का जन्म दिवस पर वनवासी दिवस मनाएंगे। भाजपा के नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा ने कहा पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम हमेशा प्रेरणादायक रहता है।

# क्यूआर कोड स्कैन कर बन सकते हैं ट्रैफिक प्रहरी

**इंदौर। इंदौर में अब क्यूआर कोड स्कैन करके ट्रैफिक प्रहरी बन सकते हैं। इसके लिए गूगल फॉर्म भरना होगा, जिसमें वे ट्रैफिक संभालने का टाइम और प्लेस तय कर सकते हैं। इसके साथ ही ट्रैफिक पुलिस जैकेट, सिटी, लाइट बेटन, बेच भी उपलब्ध कराएगी। ट्रैफिक प्रहरी बनकर लोग ट्रैफिक संभालने में पुलिस की मदद कर सकेंगे। इसके लिए पुलिस प्रचार प्रसार भी कर रही है।**



इंदौर ट्रैफिक पुलिस ने सुगम और सुरक्षित ट्रैफिक के लिए जनसहभागिता की दिशा में एक अभिनव पहल की है। इसमें आपका समय, आपका सहयोग, आपका चौराहा सुगम ट्रैफिक हम सब की जिम्मेदारी का संदेश दिया है। एडिशनल डीसीपी आनंद कलादगी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने इस अभिनव पहल की शुरुआत की है। उनका कहना है कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम लोगों को यातायात प्रबंधन एवं नियम पालन की प्रक्रिया में सहभागी बनाना है, ताकि शहर में सुचारू एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था स्थापित की जा सके। ट्रैफिक प्रहरी बनने वाले व्यक्ति को पुलिस की तरफ से सिटी, लाइट बेटन, जैकेट और बेच भी दिया जाएगा, ताकि वे बेहतर तरीके से ट्रैफिक संभाल सकें। इधर, उत्कृष्ट काम करने वाले ट्रैफिक प्रहरियों को सिलेक्ट कर साप्ताहिक और मासिक प्रोग्राम में उत्साहवर्धन के लिए उन्हें पुरस्कृत भी किया जाएगा। ट्रैफिक प्रहरी के माध्यम से लोग ट्रैफिक पुलिस की मदद कर सकेंगे। जैसे चौराहों पर, त्योहारों पर ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने में, नियमों का उल्लंघन की जानकारी देकर, एक्सीडेंट या जाम की स्थिति की जानकारी देकर और आमजन में ट्रैफिक नियमों का पालन करने की जागरूकता फैला कर।

**एक नजर**

ट्रैफिक प्रहरी बनने के लिए पुलिस ने क्यूआर कोड जारी किया है।

इस क्यूआर कोड को स्कैन करने पर एक गूगल फॉर्म आएगा।

इस गूगल फॉर्म में संबंधित व्यक्ति का नाम, पिता का नाम, उम्र, जेंडर, मोबाइल नंबर, एड्रेस, कैसी की तारीख को सेवा देना चाहते हैं, सेवा का पसंदीदा समय (सुबह 9 से रात 9 बजे तक), आप ट्रैफिक वॉलंटियर के रूप में किस चौराहे पर अपने सेवा देना चाहते हैं, क्या आप किसी संगठन/स्कूल/कॉलेज से जुड़े हैं, आप अपने चौराहे के को-ऑर्डिनेटर अधिकारी से संपर्क करने के लिए मोबाइल नंबर डाउनलोड कर सकते हैं।

ये सारी डिटेल संबंधित व्यक्ति को भरना होगा। शहर के 30 चौराहों पर मौजूद रहने वाले को-ऑर्डिनेटर के नंबर भी इसमें मिल जाएंगे, ताकि वे उनसे संपर्क कर सकते हैं।

कॉ-ऑर्डिनेटर ट्रैफिक प्रहरी को किस प्रकार से ट्रैफिक संभालना है इसकी जानकारी भी देंगे।

# उज्जैन में पांच किमी अंडर ग्राउंड होगी मेट्रो

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर से उज्जैन के बीच मेट्रो चलाने पहले डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार हो गई है। इसे तैयार करने वाली दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (डीएमआरसी) नवंबर के पहले सप्ताह में मेट्रो के अधिकारियों की समक्ष पेश करेगी। इसके बाद यह डीपीआर मंजूरी के लिए राज्य शासन को भेजी जाएगी। गौरतलब है कि पूर्व में प्रस्तावित मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत इंदौर के लवकुश चौराहे तक 47 किलोमीटर हिस्से में ओवरहेड मेट्रो तैयार करने की योजना थी। इसकी प्रारंभिक रिपोर्ट तीन माह पहले तैयार हुई थी। सीएम के सुझाव पर मेट्रो के इस प्रोजेक्ट में कुछ फेरबदल किए है। इसके बाद डीएमआरसी अब डीपीआर प्रस्तुत करेगी।



जानकारों के मुताबिक सीएम के सुझाव पर उज्जैन के अंदर पांच किलोमीटर का अतिरिक्त हिस्सा प्रोजेक्ट में बढ़ाया गया है। इसमें उज्जैन के इंजीनियरिंग कॉलेज से मेट्रो को अंडर ग्राउंड होगी और यह उज्जैन रेलवे स्टेशन के नीचे होते हुए आगर रोड पर एक किलोमीटर हिस्से में ओवरहेड हो जाएगी। पूर्व में प्रस्तावित इंदौर के लवकुश चौराहे से महाकाल मंदिर में 47 किलोमीटर के हिस्से के निर्माण पर 10 हजार करोड़ रुपये खर्च का आंकलन किया गया था। अब उज्जैन में पांच किलोमीटर का अंडर ग्राउंड का हिस्से बढ़ने पर 1500 करोड़ रुपये अतिरिक्त खर्च करना होंगे। इंदौर से पीथमपुर के बीच करीब 40 किलोमीटर में भी मेट्रो चलाने की योजना पर राज्य सरकार की मुहर लग चुकी है। डीएमआरसी इस हिस्से में मेट्रो चलाने के लिए दो माह पहले प्रारंभिक फिजिब्लिटी सर्वे रिपोर्ट तैयार हुई थी। इंदौर-उज्जैन की डीपीआर तैयार करने वाली दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन कंपनी ही इंदौर-पीथमपुर रूट की डीपीआर अगले तीन माह में तैयार करेगी।

# टीआई से सब इंस्पेक्टर बने अजय वर्मा के पुराने मामले भी चर्चा में आए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** चर्चित हनी ट्रेप केस में फंसे तत्कालीन टीआई अजय वर्मा को डिमोट कर दो साल के लिए इंस्पेक्टर और एएसआई धीरज शर्मा को पांच साल के लिए सिपाही बना दिया गया।

इसे लेकर टीआई वर्मा पुराने मामलों को लेकर भी चर्चाओं में है। इंदौर में दो साल पहले वे लोकायुक्त की जांच के घेरे में थे जबकि उज्जैन के महाकाल मंदिर के पास दीवार गिरने से दो लोगों की मौत के मामले में भी उन्हें सस्पेंड किया जा चुका है। इस मामले में उन्होंने शासन की कार्रवाई को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में अपील की और मामला पेंडिंग है। इस बीच उन्होंने अपने पर लगे सारे आरोपों को झुठलाते हुए दावा किया कि चार माह से सस्पेंड होने के बाद तंगी से गुजर रहे हैं। उनका कहना है कि मेरे पांच खातों में सिर्फ 60 हजार रु. है। इस मामले में उन्होंने शासन की कार्रवाई को चुनौती देते हुए हाई कोर्ट में अपील की और मामला पेंडिंग है। इस बीच उन्होंने अपने पर लगे सारे आरोपों को झुठलाते हुए दावा किया कि चार माह से सस्पेंड होने के बाद तंगी से गुजर रहे हैं। उनका कहना है कि मेरे पांच खातों में सिर्फ 60 हजार रु. है। दो साल पहले जब वे एमआईजी थाने में टीआई थे तब एमआईजी थाने के थानेदार और कुछ पुलिसकर्मी एक युवक को हिरासत में लेकर थाने आए थे। तब इन लोगों ने उस व्यक्ति को छोड़ने के एवज में तगड़ी राशि मांगी थी। इस पर महिला ने लोकायुक्त पुलिस को शिकायत की तो लोकायुक्त पुलिस ने एमआईजी थाने पर छापा मारा था। तब लोकायुक्त ने एसआई राम शाक्य, श्याम जाट और नरेंद्र डांगी के खिलाफ कार्रवाई की। इन्हें सस्पेंड भी किया गया था। तीनों ने आयशर वाहन की खरीदी में अमानत में खयानत के मामले में कमल नामक व्यक्ति को थाने पर लाए थे। फिर उसे छेड़ने के एवज में उसकी पत्नी से 2 लाख रुपए की मांग की। फिर बात 50 हजार रु. में तय हुई। तब इन पुलिसकर्मियों ने महिला से पहली किश्त के रूप में रुपए ले लिए। फिर दूसरी किश्त की बात तय हुई। इस बीच महिला ने लोकायुक्त पुलिस को शिकायत की थी। कार्रवाई के दौरान श्याम जाट भाग गया था। इसके बाद लोकायुक्त पुलिस ने पास के भवन में लगे सीसीटीवी फुटेज, महिला से बातचीत, काल डिटेल्स आदि की जानकारी जुटाई। इसके बाद टीआई अजय वर्मा की भूमिका पर सवाल उठे थे। तब तत्कालीन लोकायुक्त एसपी सव्यसाची सराफ ने टीआई वर्मा को नोटिस जारी किया था।

**नगर निगम संपत्ति सर्वे को लेकर हंगामा**

# पार्षद पति और अफसर आमने-सामने दोनों पक्षों ने दर्ज कराई एफआईआर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। नगर निगम की तरफ से किए जा रहे संपत्ति सर्वे के दौरान शनिवार को बड़ा विवाद खड़ा हो गया। मामला इतना बढ़ा कि देर रात तक भंवरकुआं थाने के बाहर पार्षदों, एमआईसी सदस्यों और निगम कर्मचारियों की भीड़ जुटी रही। पार्षद पति और निगम अधिकारी ने एक-दूसरे के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराईं, जिससे मामला गरमा गया।**



जानकारी के अनुसार, इंदौर नगर निगम जोन 11 के ए.आर.ओ. शैलेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ पिपलियाराव इलाके में टैक्स सर्वे करने पहुंचे थे। इस दौरान पार्षद पति सुनील हार्डिया, उनके बेटे अटल हार्डिया और क्षेत्र के ट्रेवल्स संचालक बीरम सोलंकी से विवाद हो गया। निगम अफसर का आरोप है कि सर्वे के दौरान पार्षद पति ने सरकारी काम में बाधा डाली, गाली-गलौज की और टीम को धमकाया। इस पर निगम अधिकारी की शिकायत पर तीनों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया। वहीं, दूसरी तरफ, ट्रैवल्स संचालक बीरम सोलंकी ने भी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उनका कहना है कि शाम करीब चार बजे नगर निगम की गाड़ी उनके घर के बाहर रुकी और अधिकारी बिना किसी पूर्व सूचना के उनके मकान की पहली मंजिल की नपती करने लगे। विरोध करने पर अधिकारियों ने उनसे अभद्र व्यवहार किया और गालियां दीं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब उन्होंने पार्षद पति सुनील हार्डिया को मौके पर बुलाया तो अफसरों ने उनके साथ भी दुर्व्यवहार किया और झूमाझटकी की। बीरम की शिकायत पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 296 और 351(5) के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस पूरे घटनाक्रम के बाद रात में एमआईसी सदस्य अभिषेक शर्मा (बबलू), पार्षद योगेश गेंदर और अन्य जनप्रतिनिधि भंवरकुआं थाने पहुंच गए। उन्होंने टीआई के सामने हाथ जोड़कर कहा कि हमारी एफआईआर दर्ज कीजिए। उनकी सुनवाई न होने पर थाने के अंदर और बाहर नारेबाजी शुरू हो गई। पुलिस प्रशासन हाय-हाय के नारे लगाते हुए पार्षद और समर्थक देर रात तक डटे रहे। निगम कर्मचारियों का कहना है कि वे कमिश्नर के निर्देश पर गलत टैक्स भरने वालों का सर्वे कर रहे थे ताकि रिकॉर्ड में सुधार किया जा सके और जिन घरों में पानी का कनेक्शन नहीं है, उन्हें सुविधा दी जा सके। वहीं, पार्षद पक्ष का आरोप है कि निगम अधिकारी कमिश्नर के नाम पर धमकी देकर लोगों को परेशान कर रहे हैं। फिलहाल पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पुरे मामले की जांच की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रधानमंत्री की मन की बात का किया श्रवण

# पीएम श्री मोदी ने अपने कार्यों और नवाचारों से देश में किया सकारात्मक ऊर्जा का संचार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के प्रसारण का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कोटरा सुल्तानाबाद स्थित कमला नेहरु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्थानीय निवासियों के साथ श्रवण किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को स्वदेशी की शपथ दिलाई। मन की बात कार्यक्रम के प्रसारण के बाद अपने संबोधन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने अपने कार्यों और नवाचारों के आधार पर देश में सकारात्मक ऊर्जा का संचार किया है।




मन की बात कार्यक्रम भारत का लघु रूप प्रस्तुत करती है। विविधता से भरे देश के विभिन्न राज्यों में क्या नया हो रहा है, यह इस कार्यक्रम से संक्षेप में ज्ञात होता है। राज्यों के कई नवाचार अनुकरणीय और प्रेरक होते हैं। इस संदर्भ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आज के मन की बात कार्यक्रम के 127वें एपिसोड में प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा संस्कृत भाषा के प्रति युवाओं की बढ़ती रूचि का विशेष रूप से उल्लेख किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री मोदी की पहल पर गुजरात में केवड़िया धाम पर्यटन के सुंदर और आकर्षण केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। राज्य सरकार का दल भी इन कार्यक्रमों में सहभागिता करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छठ पूजा की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व भारतीय परिवार परम्परा की सशक्त अभिव्यक्ति है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों में सम्राट विक्रमादित्य पर केंद्रित महानाट्य की प्रस्तुति भी होगी। कार्यक्रम पूर्ण भव्यता के साथ 5 मंचों पर किया जाएगा। यह भोपाल में उस युग को पुनः जीवंत करने का प्रयास है। सम्राट विक्रमादित्य के जन्म से लेकर उनके राज्यारोहण तक की सभी गाथाओं को एक सूत्र में पिरोया गया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित जनसमुदाय से स्थापना दिवस के कार्यक्रमों में उत्साह के साथ सहभागिता करने का आहवान किया।

## जहां हर दिशा में कौशल की नर्मदा बहे, वही है महाकौशल : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जबलपुर संस्कृति, संस्कार और शिक्षा की त्रिवेणी है। यह संस्कारधानी भी है और न्यायधानी भी। जहां हर दिशा में कौशल ही कौशल की नर्मदा बहती है, वही महाकौशल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकौशल को निसर्ग ने अप्रतिम सौंदर्य से नवाजा है।

महाकौशल पर मां नर्मदा की अद्भुत कृपा है। हमारी सरकार ने पहली कैबिनेट जबलपुर में कर यहीं से विकास प्राथमिकताएं तय की थीं। जबलपुर में प्रदेश का सबसे बड़ा एलीवेटेड कॉरीडोर बना कर लोकार्पित कर दिया गया है। इससे जबलपुर के व्यापार-व्यवसाय के विकास को नए पंख लग गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को जबलपुर के महाकौशल ऑटोनॉमस कॉलेज के सभागार में विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन सहित मेधावी विद्यार्थियों एवं शिक्षाविदों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्र और समाज के विकास के लिए प्रदेश के सभी शैक्षणिक केंद्र अध्ययन और अध्यापन का एक मजबूत आधार तैयार करें। स्कूल और कॉलेज केवल डिग्री देने वाले न बनकर शिक्षा के मंदिर और देवालय बनें। स्कूल-कॉलेजों में रोजगारपरक शिक्षा दी जाए। इससे हमारे विद्यार्थी अध्ययन करते हुए ही रोजगार के क्षेत्र में दक्षता हासिल कर सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज प्रदेश के लाखों युवाओं ने स्टार्ट-अप तैयार किए हैं, जिन्होंने समाज और अर्थव्यवस्था दोनों को नई दिशा दी है। स्वदेशी क्रांति लाने में हमारे युवा अग्रदूत बनकर उभरे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज श्रद्धेय ईश्वर दास रोहाणी की स्मृतियां ताजा हो जाती हैं, मैं उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करता हूं। उनके पुत्र और वर्तमान विधायक निश्चित ही अपने पिता से मिली विरासत को आगे बढ़ा रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि महाकौशल सहित प्रदेश के विभिन्न अंचलों में रहने वाले जनजातीय भाई-बहनों के हित में हमारी सरकार ने अब कोदो-कुटकी के भी उपार्जन का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। इसके तहत हमारी सरकार 2500 रुपए प्रति क्विंटल की दर से कोदो और 3500 रुपए प्रति क्विंटल दर से कुटकी का उपार्जन करेगी। साथ ही शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को फसल ऋण की सुविधा जारी रखने का निर्णय भी लिया है।

फिर बारिश का दौर...

## भोपाल-इंदौर समेत 20 जिलों में पानी गिरा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्यप्रदेश में एक बार फिर बारिश का दौर शुरू हो गया। रविवार को श्योपुर में 9 घंटे के अंदर ही 2 इंच बारिश हो गई। बालाघाट के मलाजखंड में 1 इंच पानी गिरा। भोपाल में पूरे दिन रिमझिम बरसात होती रही। इससे मौसम में ठंडक घुल गई।**

प्रदेश में इंदौर, उज्जैन, धार, नर्मदापुरम, दमोह, जबलपुर, सागर, पचमढ़ी, रतलाम, शाजापुर, देवास, रायसेन, विदिशा, सीहोर, आगर-मालवा, बालाघाट समेत 20 जिलों में पानी गिरा। मौसम विभाग ने 27, 28 और 29 अक्टूबर तक बारिश, गरज-चमक और आंधी का अलर्ट जारी किया है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम और जबलपुर संभाग में असर देखने को मिलेगा। रविवार सुबह श्योपुर जिले में जमकर पानी गिरा। सलवानिया बुखारी गांव में खेतों में काटकर रखी गई धान की फसल बह गई। किसान पानी से फसल को बचाने की जुगत करते रहे। उज्जैन में रविवार सुबह करीब 4 बजे बारिश शुरू हो गई, 7:30 बजे तक हल्की बारिश का दौर चला। मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 20 से ज्यादा जिलों में बारिश हो गई। खरगोन में सबसे ज्यादा डेढ़ इंच और बैतूल में एक इंच पानी गिरा। भोपाल में रातभर रिमझिम बरसात हुई। उज्जैन और सागर में पौन इंच, मंडला और बालाघाट में भी आधा इंच पानी गिरा। दमोह, जबलपुर, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, शाजापुर, पांढुर्णा, धार, नर्मदापुरम, इंदौर, खंडवा, पचमढ़ी, रायसेन, श्योपुर, आगर-मालवा में भी बारिश रिकॉर्ड की गई।



## 100-100 रुपए जुटाएगी कांग्रेस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश कांग्रेस अब पार्टी को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए हर विधानसभा क्षेत्र के 25 हजार घरों से 100-100 रुपए जुटाएगी। इसके पीछे संगठन की सोच यह है कि एक तरफ जहां पार्टी के पास फंड की व्यवस्था होगी। दूसरी तरफ आर्थिक रूप से मदद करने वाले परिवारों से पार्टी के नेताओं का सीधा संपर्क होगा। पचमढ़ी में 2 से 11 नवंबर तक एमपी कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की ट्रेनिंग होगी। इस दौरान प्रदेश के करीब एक हजार ब्लॉक अध्यक्षों के नामों की घोषणा करने की तैयारी है। 20 जिलों के ब्लॉक अध्यक्षों के नाम फाइनल हो गए हैं। एक हफ्ते में सभी ब्लॉकों के अध्यक्षों के नाम तय हो जाएंगे।

## भदोपुर में स्क्रैप गोदाम में लगी भीषण आग, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ ने काबू पाया, कोई हताहत नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर, एजेंसी। जिले के भदोपुर थाना क्षेत्र स्थित एक स्क्रैप गोदाम में रविवार को भीषण आग लग गई। सूचना मिलने पर पुलिस, फायर ब्रिगेड और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची और आग को काबू किया। आग के कारण गोदाम में रखा स्क्रैप जलकर नष्ट हो गया लेकिन सौभाग्यवश कोई हताहत नहीं हुआ।**



एसडीएम प्रदीप शर्मा ने बताया कि कॉलोनी में स्थित स्क्रैप गोदाम में आग लगी थी। सूचना मिलते ही पुलिस और फायर टेंडर मौके पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि आग को नियंत्रण में कर लिया गया है और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। वहीं घटना के जिम्मेदार और गोदाम के मालिक की पहचान के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

ग्वालियर नगर निगम के डिप्टी कमिश्नर एवं फायर ऑफिसर अतीबाल सिंह यादव ने बताया कि आग की शुरुआत एक पटाखे से हुई थी और गोदाम में रखे स्क्रैप के कारण आग की तीव्रता बढ़ गई। मौके पर 7 फायर टेंडर तैनात किए गए और अब आग पूरी तरह काबू में है। एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर मौजूद थी।

एएसपी अनु बेनीवाल ने बताया कि पुलिस, एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीम लगातार घटना स्थल पर निगरानी रख रही है। उन्होंने कहा कि आग को नियंत्रण में कर लिया गया है और किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है।

### कटनी जेल में विचाराधीन कैदियों के बीच विवाद, मच्छरदानी के तार से खुद का गला रेता, अस्पताल में भर्ती

**कटनी, एजेंसी।** जिले में एक विचाराधीन कैदी के गले में आई गंभीर चोट के कारण उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जानकारी के मुताबिक झिंझरी स्थित जिला जेल के भीतर विचाराधीन कैदियों के दो गुटों में विवाद इतना बढ़ गया कि हत्या के आरोपी दीपक मोटवानी की प्रताड़ना से डरे दीपक अहिरवार ने मच्छर जाली के तार से खुद को फांसी लगाने की कोशिश की। जेल के भीतर की इस घटना के बाद पूरे जेल प्रशासन में अफरा-तफरी मच गई।

## संपादकीय

# चीन को एक नई टेंशन देने की तैयारी में भारत

भारत, चीन को एक नई टेंशन देने की तैयारी में है। दरअसल लद्दाख के चांगथंग और काराकोरम अभयारण्यों के नक्शे में बड़े बदलाव का प्रस्ताव केंद्र सरकार के पास अंतिम मंजूरी के लिए पहुंच गया है। ये इलाके रक्षा, अनोखी जैव विविधता और स्थानीय आर्थिक विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। लद्दाख राज्य वन्यजीव बोर्ड ने 19 सितंबर को हुई बैठक में यह प्रस्ताव रखा था। इसके तहत, काराकोरम वन्यजीव अभयारण्य का नया क्षेत्रफल 16,550 वर्ग किलोमीटर और चांगथंग का 9,695 वर्ग किलोमीटर होगा। यह 1987 में तय किए गए लगभग 5,000 वर्ग किलोमीटर और 4,000 वर्ग किलोमीटर के मुकाबले काफी ज्यादा है। हालांकि, इस नए नक्शे में काराकोरम (नुब्रा-श्योक) वन्यजीव अभयारण्य से 1,742 वर्ग किलोमीटर और चांगथंग के ऊंचाई वाले ठंडे रेगिस्तान वन्यजीव अभयारण्य से 164 वर्ग किलोमीटर का इलाका बाहर रखा जाएगा। काराकोरम अभयारण्य में, जो इलाका बाहर किया जा रहा है, वह नुब्रा-श्योक नदियों के किनारे-किनारे फैला होगा। ऐसा इसलिए किया जा रहा है क्योंकि वहां लोगों की बस्तियां हैं। चांगथंग में, बाहर किए जाने वाले इलाके छोटे-छोटे हिस्सों में होंगे और ये भी इंसानी बस्तियों के आसपास ही होंगे। इन दोनों इलाकों को 1987 में सरकारी सूचना के जरिए वन्यजीव अभयारण्य घोषित किया गया था। लेकिन, करीब चार दशक बाद यह महसूस किया गया कि 1987 की सूचना में अभयारण्यों की सीमाएं ठीक से तय नहीं की गई थीं और उत्तर-दक्षिण-पूर्व-पश्चिम की दिशाओं का वर्णन भी सही नहीं था। असल में, इन अभयारण्यों का क्षेत्रफल 1987 में बताई गई संख्या से 3-4 गुना ज्यादा था। इस 'सुधार' का प्रस्ताव वन्यजीव संस्थान भारत (WII) की विस्तृत जांच और स्थानीय लोगों और प्रशासन के साथ बातचीत के बाद आया है। WII ने दोनों संरक्षित इलाकों में 'उच्च संरक्षण मूल्य वाले क्षेत्र' की पहचान की है। इन क्षेत्रों को सबसे ज्यादा सुरक्षा और गतिविधियों पर काफी पाबंदियों की जरूरत है। काराकोरम अभयारण्य में 10 और चांगथंग में 17 ऐसे क्षेत्र पहचाने गए हैं। काराकोरम में वन्यजीवों के आने-जाने के लिए 9 वर्ग किलोमीटर के गलियारे भी बनाए गए हैं। खास बात यह है कि जिन इलाकों को अभयारण्यों से बाहर रखा जा रहा है, उनमें दोनों अभयारण्यों के 67 और 45 गांव शामिल हैं। इन इलाकों को खोलने से हिमालयी क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों और पर्यटन की संभावनाओं को बढ़ावा मिलेगा। 19 सितंबर को हुई लद्दाख राज्य वन्यजीव बोर्ड की 13वीं बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि बड़े व्यावसायिक उद्यमों के बजाय अभयारण्यों के अंदर रहने वाले लोगों की मदद पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

## OSHO कहिन


**"अगर आप खुशी को पाना चाहते हैं, तो दूसरों को खुशी देने की कोशिश करें।"**



## सैर सपाटा

# अल्मोड़ा हो सकती है घूमने की बेस्ट जगह

## इन टूरिस्ट स्पॉट को कर लें एक्सप्लोर



**पहाड़,नदी, झरने देखने का शौक है और किसी ऐसी जगह की तलाश में हैं। जहां पर कुछ वक्त आराम से बिताया जा सके। तो पहाड़ों में बसे अल्मोड़ा शहर का रुख कर लें। इस शहर के आसपास आपको कई सारे टूरिस्ट स्पॉट मिल जाएंगे। जहां पर आपको सुंदर नजारे देखने को मिलेंगे। खासतौर पर ये जगह सोलो ट्रैवलर के लिए बेस्ट है। तो अगर नेक्स्ट ट्रिप का प्लान कर रहे तो अल्मोड़ा को एक्स्प्लोर करने का मौका ना छोड़े। अल्मोड़ा के इन खूबसूरत स्पॉट को एक बार जरूर देख लें।**

### कसार देवी मंदिर

पहाड़ों के मंदिरों की अपनी अलग एनर्जी होती है। जो किसी भी को अट्रैक्ट करती है। अल्मोड़ा से 8 किमी की दूरी पर ये मंदिर बना है। जो अपनी खास आध्यात्मिक चुंबकीय एनर्जी के लिए पॉपुलर है। यहां पर आकर लोगों को मानसिक शांति की फीलिंग होती है। तो इस खास मंदिर में दर्शन के लिए अल्मोड़ा ट्रिप का प्लान जरूर बना सकते हैं।

### जागेश्वर धाम मंदिर

अल्मोड़ा से मात्र 35 किमी की दूरी पर जागेश्वर धाम टेंपल है। जहां पर अल्मोड़ा से आराम से किसी भी प्राइवेट टैक्सी से पहुंचा जा सकता है। जागेश्वर धाम महादेव को समर्पित है और इस मंदिर की गिनती ज्योतिर्लिंगों में होती है। इस मंदिर का इतिहास करीब 2500 साल पुराना है। इस मंदिर में दर्शन से भक्तों की सारी मनोकामना पूरी होती है।

### बालटा वाटरफॉल

अगर आपको ट्रैकिंग का शौक है तो अल्मोड़ा से मात्र 5 किमी की दूरी पर घने जंगलों के बीच में शानदार वाटरफॉल मिल जाएगा। ये जगह नेचर लवर्स और एडवेंचर के शौकीन लोगों के लिए बेस्ट है। तो अल्मोड़ा जाएं तो इस वाटरफॉल को देखने के लिए ट्रैकिंग बिल्कुल भी मिस ना करें।

### बिनसर

अल्मोड़ा से 33 किमी की दूरी पर बसा है बिनसर। जहां से हिमालय की ऊंची चोटियां, केदारनाथ, नंदा देवी, पंचोली दिखाई देते हैं। बिनसर एक वाइल्ड लाइफ सेंचुर है। जहां पर आपको जंगल में घूमने का मौका मिलता और काफी सारे टूरिस्ट यहां रात गुजारने के लिए स्टे करते हैं। तो जंगल और पहाड़ा का एडवेंचर एक साथ करना है तो बिनसर में जरूर रुकें।

### जीरो प्वाइंट

हर पहाड़ी डेस्टिनेशन की तरह यहां भी जीरो प्वाइंट बना है। जहां से आप टेलिस्कोप की मदद से हिमालय की ऊंची चोटियों को देख सकते हैं।

New Delhi

# आज देशव्यापी एसआईआर का एलान कर सकता है चुनाव आयोग; 10 से 15 राज्यों में पहले चरण में चलेगा अभियान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** चुनाव आयोग आज यानी सोमवार शाम को एक अहम प्रेस कॉन्फ्रेंस करेगा, जिसमें पूरे देश में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर की घोषणा की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनावों की तैयारियों के तहत उठाया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोग के अधिकारी प्रक्रिया और पहले चरण के राज्यों की जानकारी साझा करेंगे।

विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्य मतदाता सूची में सुधार करना और इसमें नए मतदाताओं का समावेश करना है। इसमें नामों की जांच, पुराने मतदाताओं की




पुष्टि, और आवश्यक संशोधन शामिल होंगे। आयोग ने बताया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और निष्पक्ष होगी। एसआईआर के तहत मतदाता सूची में त्रुटियों को दूर कर नए मतदाताओं को शामिल किया जाएगा, जिससे चुनावों में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

हालांकि, अभी तक पूरी जानकारी सार्वजनिक नहीं हुई है, लेकिन अधिकारियों के अनुसार पहले चरण में 10 से 15 राज्य शामिल होंगे। इनमें ऐसे राज्य होंगे, जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। इन राज्यों में तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, असम और पुदुचेरी शामिल हैं। एसआईआर में मतदाता सूची की संपूर्ण समीक्षा की जाएगी और आवश्यक संशोधन किए जाएंगे।

Uttarakhand

## 32 बार चाकू गोदकर मारा, ऋषिकेश में क्रूरता से कत्ल के बाद बड़ा हंगामा



**ऋषिकेश, (एजेंसी)** उत्तराखंड के ऋषिकेश में शनिवार रात एक युवक की चाकू से 32 बार गोदकर हत्या कर दी गई। घटना से गुस्साए लोगों ने हत्यारों को फांसी देने की मांग को लेकर रविवार को हंगामा किया। शाम को लोगों ने बदरीनाथ हाईवे पर शव रखकर जाम लगा दिया। पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया। पुलिस में मृतक के पिता की तहरीर पर मारे गए युवक के दोस्त समेत दो नामजद और अन्य अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के मुताबिक, हत्या शनिवार रात करीब साढ़े दस बजे हुई। नरेंद्रनगर ब्लॉक में दोगीपट्टी के मटियाली गांव निवासी रायचंद कंडारी ने तहरीर देकर बताया कि वह कई महीने से सपरिवार मुनिकीरेती के शीशमझाड़ी क्षेत्र में रहते हैं। शनिवार की शाम करीब 6:30 बजे पड़ोस में रहने वाला अक्षय पुत्र नरेश ठाकुर, उनके 30 वर्षीय बेटे अजेंद्र को घर से बुलाकर ले गया था। अजेंद्र रात नौ बजे तक नहीं लौटा तो उन्होंने कॉल की। अजेंद्र ने बताया कि वह खारास्रोत में अंग्रेजी शराब की दुकान के पास है।

रायचंद ने बताया कि इसके बाद रात करीब 10:38 बजे उन्हें फोन आया कि अजेंद्र के साथियों ने उसके साथ मारपीट की है। आरोपी ही जख्मी अजेंद्र को अस्पताल ले गए हैं। परिजन आनन-फानन में ऋषिकेश के सरकारी अस्पताल पहुंचे तो वहां बेटा नहीं मिला।

Uttarpradesh

## अपनी छोटी- छोटी बेटियों से करता था गंदी हरकत..., नाबालिग बेटे और भतीजे ने दी दर्दनाक मौत

**मथुरा, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले में 55 साल के एक व्यक्ति की उसके नाबालिग बेटे और भतीजे ने बंदूक और तलवार से हत्या कर दी. पुलिस ने रविवार को बताया कि मृतक पवन चौधरी कथित तौर पर अपनी नाबालिग बेटियों का यौन शोषण करता था. वह मूल रूप से राजस्थान के डीग जिले का रहने वाला था और डकैती, अपहरण और छेड़छाड़ के मामलों में अपराधी था. पुलिस के अनुसार, 13 और 14 साल की ये लड़कियां दिवाली के दौरान कोसीकलां इलाके के एक गांव में चौधरी के बड़े भाई के पास रहने आई थीं, ताकि वे अपने पिता के यौन शोषण से बच सकें. उनका भाई पहले से ही पढ़ाई के लिए अपने चाचा के पास रह रहा था. रविवार को चौधरी दोपहर करीब 2 बजे अपने भाई के घर पहुंचा और लड़कियों को जबरन घर ले जाने की कोशिश करने लगा. उनकी चीखें सुनकर, उसके बेटे और भतीजे ने पवन को रोकने की कोशिश की, लेकिन उसने उन पर भी हमला कर दिया. पुलिस ने बताया कि इस हाथापाई में, नाबालिग लड़कों ने चौधरी की देसी पिस्तौल और तलवार छीन ली और उसकी हत्या कर दी.

New Delhi

## सावधान! चक्रवात मोंथा ने धारण किया गंभीर रूप, मौसम विभाग का रेड अलर्ट जारी, यहां अधिक खतरा

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** बंगाल की खाड़ी में विकसित हो रहे चक्रवात मोंथा ने अब गंभीर रूप धारण कर लिया है। भारतीय मौसम विभाग (IMD) के अनुसार, यह डिप्रेशन अब चक्रवाती तूफान में बदल चुका है और अगले 24 घंटों में गंभीर चक्रवाती तूफान बन सकता है। फिलहाल इसकी अधिकतम हवा की गति 90-100 किमी प्रति घंटा है, जो 110 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। तूफान उत्तर-पश्चिम दिशा में बढ़ रहा है और आंध्र प्रदेश के तट पर 28 अक्टूबर की शाम या रात में दस्तक दे सकता है। बताया जा रहा है कि चेन्नई में हल्की फुहारें शुरू हो चुकी हैं, जो धीरे-धीरे तेज हो सकती हैं।

चक्रवात मछलीपट्टनम और कालिंगपट्टनम के बीच से होकर गुजरेगा। काकीनाडा के आसपास इसके आंध्र प्रदेश के तट को पार करने का अनुमान है। इससे ओडिशा, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और छत्तीसगढ़ समेत 7 राज्यों प्रभावित हो सकते हैं। ओडिशा के सभी 30 जिले अलर्ट पर हैं। आंध्र प्रदेश के काकीनाडा, कोनासिमा, एलुरु, वेस्ट गोदावरी, कृष्णा, गुंटूर, भटला, प्राकासम और एसपीएसआर नेल्लोर जिलों में खतरा अधिक है। तमिलनाडु के चेन्नई, तिरुवल्लुर और रानीपेट में भी प्रभाव पड़ सकता है। आईएमडी ने समुद्री इलाकों में ऊंची लहरें और तटीय बाढ़ की चेतावनी जारी की है। आईएमडी ने ओडिशा, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु के लिए रेड अलर्ट जारी किया है।

खेल

**महिला विश्वकप का लीग स्टेज खत्म**

## इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को हराया, भारत-बांग्लादेश मैच रद्द, 29-30 को सेमीफाइनल

**नवी मुंबई। महिला विश्व कप 2025 का रोमांच चरम पर पहुंच चुका है। रविवार को लीग स्टेज के आखिरी दो मुकाबले खेले गए। पहले मैच में इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हरा दिया जबकि भारत और बांग्लादेश के बीच खेला गया मुकाबला बिना किसी नतीजे के रद्द कर दिया गया। अब 29 और 30 अक्तूबर को इस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। पहला सेमीफाइनल बुधवार को इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच गुवाहाटी में खेला जाएगा जबकि दूसरे सेमीफाइनल में भारत का ऑस्ट्रेलिया से सामना होगा। इन दोनों मुकाबलों में जीतने वाली टीमें नवी मुंबई में दो नवंबर को खिताबी टक्कर के लिए भिड़ेंगी।**



### भारत-बांग्लादेश मैच रद्द हुआ

महिला वनडे विश्व कप 2025 का आखिरी लीग मुकाबला बारिश के कारण रद्द हो गया। रविवार को भारतीय टीम का बांग्लादेश से सामना हुआ, लेकिन नवी मुंबई में तेज बारिश के कारण यह मैच बिना किसी नतीजे के रद्द कर दिया गया। अब भारत सेमीफाइनल में 30 अक्तूबर को ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा। इस मैच में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। बांग्लादेश ने पहले खेलते हुए 27 ओवर में नौ विकेट खोकर 119 रन बनाए। भारत को जीत के लिए 126 रनों का लक्ष्य मिला था। टीम इंडिया ने जवाब में बिना किसी नुकसान के 57 रन बना लिए थे, तभी बारिश आ गई और बाद में मैच को बिना परिणाम घोषित कर दिया गया। बारिश की वजह से मैच देर से शुरू हुआ और इसे 43-43 ओवर का किया गया था। लेकिन बीच में दोबारा बारिश आने से मैच को घटाकर 27-27 ओवर का कर दिया गया। इसके बाद भी मौसम साफ नहीं हुआ और अंततः मैच को पूरी तरह रद्द करना पड़ा। नतीजतन, दोनों टीमों को एक-एक अंक दे दिए गए।

### इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराया

इससे पहले, इंग्लैंड ने रविवार को महिला विश्व कप के मुकाबले में स्पिनरों के कमाल और एमी जोन्स की शानदार पारी की बदौलत न्यूजीलैंड को आठ विकेट से हराकर डिवाइन की विदाई को यादगार नहीं बनने दिया। न्यूजीलैंड की कप्तान डिवाइन ने अपने अंतिम वनडे मैच में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन टीम की शुरुआत उम्मीद के अनुरूप नहीं रही। पूरी टीम 38.2 ओवर में 168 रन पर सिमट गई। इसके जवाब में इंग्लैंड ने सिर्फ दो विकेट खोकर 172 रन बना लिए और 124 गेंद शेष रहते मुकाबला अपने नाम किया। एमी जोन्स ने 92 गेंदों पर नाबाद 86 रन की शानदार पारी खेली, जिसमें 11 चौके और एक छक्का शामिल था। उन्होंने टैमी ब्यूमोंट (40) के साथ पहले विकेट के लिए 75 रन और हीथर नाइट (33) के साथ दूसरे विकेट के लिए 83 रन की साझेदारी की। डिवाइन ने अपने करियर का अंतिम विकेट नाइट को आउट कर लिया।

सिनेमा

## आयुष्मान-रश्मिका की हॉरर फिल्म को रविवार को हुआ फायदा, 100 करोड़ के पास पहुंची



आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना की हॉरर फिल्म थामा ऑडियंस को पसंद आ रही है। दिवाली पर रिलीज हुई फिल्म थामा बॉक्स ऑफिस पर भी जमे रहने और हर्षवर्धन राणे की फिल्म एक दीवाने की दीवानियत के साथ क्लैश के बाद भी फिल्म ऑडियंस को थिएटर तक लाने में कामयाब हुई है। हालांकि फिल्म ने अभी तक पहले दिन जितना कलेक्शन नहीं किया है। इसके बावजूद ये फिल्म जल्द 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर सकती है। Sacnilk के मुताबिक, फिल्म ने पहले दिन 24 करोड़ की शानदार ओपनिंग ली थी। दूसरे दिन थोड़ी गिरावट के साथ 18।6 करोड़, तीसरे दिन 13 करोड़, और चौथे दिन 10 करोड़ का कलेक्शन किया। वीकेंड पर फिल्म ने फिर से रफ्तार पकड़ी और शनिवार को 13।1 करोड़, वहीं रविवार (छठे दिन) को शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक 13 करोड़ की कमाई की है। छह दिनों में फिल्म का कुल कलेक्शन 91।70 करोड़ तक पहुंच गया है, जो आयुष्मान खुराना के करियर के लिए बड़ी सफलता मानी जा रही है। आदित्य सर्पोतर के डायरेक्शन में बनी थामा को मड्डॉक फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। कहानी की बात करें तो ये एक पत्रकार अलोल के इर्द-गिर्द घूमती है जिसका किरदार आयुष्मान ने निभाया है। बाद में फिल्म में रश्मिका की एंट्री होती है और कहानी बदल जाती है। ऑडियंस के साथ-साथ क्रिटिक्स ने भी फिल्म की तारीफ की है। कई लोगों ने इसे मड्डॉक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की सबसे एंटरटेनिंग फिल्म बताया है।

## Highlights

1. **Indian Railways plays Chhath songs at stations to greet passengers**
2. **CBI to take over investigation of Karur stampede case**
3. **Shivakumar meets Mazumdar-Shaw, Mohandas Pai amid B'luru infra row**
4. **Mahagathbandhan will collapse under weight of own conflicts: Naqvi**
5. **Man who molested Australia Women cricketers has 10 cases against him, spent 10 years in jail**
6. **Actor files PIL over Bengaluru Tunnel Project, BJP MP Tejaswi argues case**

# SBI plans to hire 3,500 officers in next 5 months to strengthen operations, service delivery

**NEW DELHI, (Agency).** The country's biggest lender, State Bank of India (SBI), plans to hire around 3,500 officers to bolster its operations and enhance service delivery nationwide.

The bank has recruited 505 Probationary Officers (POs) in June, and the process to fill a similar number of vacancies is on... applications have been received, SBI Deputy Managing Director (HR) & Chief Development Officer (CDO) Kishore Kumar Poludasu told PTI in an interview.

As regards specialist officers, he said, around 1,300 odd officers have already been selected to look after the IT and cybersecurity space.

The advertisement for 541 PO vacancies is out. Applications have already been received. The recruitment for POs is through a three-stage process: preliminaries, mains, and a psychometric test and interviews.




Additionally, he said, "around 3,000 circle-based officers are now being considered. This should get concluded in the current financial year."

Earlier this year, SBI Chairman C S Setty announced that the bank's total recruitment across categories would be about 18,000. Of which, around 13,500 will be clerical recruitment, and the remaining will be probationary officers and locally based officers.

In the first quarter, SBI announced the recruitment of 13,455 junior associates and 505 POs to enhance the customer experience at its branches across the country.

Poludasu also said the country's largest lender has devised a strategy to boost gender diversity, aiming to increase its women workforce to 30 per cent within five years.

"If we talk about frontline staff, women are almost 33 per cent, but as a total, if you see, they account for 27 per cent of the total workforce. So, we will be working towards improving this percentage so that the diversity gets further improved," he said.

The bank is taking measures to bridge the gap and achieve its medium-term goal of 30 per cent women in its workforce, he said.

# Reliance Industries says will abide by Europe, US sanctions on Russia

**NEW DELHI, (Agency).** Reliance Industries, India's biggest importer of Russian crude oil, will abide by western sanctions against Moscow, while maintaining its relationship with its current supplies.

"As is customary in the industry, supply contracts evolve to reflect changing market and regulatory conditions. Reliance will address these conditions while maintaining the relationships with its suppliers," a spokesperson for India's biggest firm by market cap, told Reuters




in an emailed statement on Friday (25 October 2025), without mentioning its contract with Rosneft—one of the two Russian oil producers slapped with fresh sanctions.

The European Union, United Kingdom and the United States have imposed a raft of sanctions against Russia over its war in Ukraine, including fresh US sanctions targeting Russia's two top oil producers Lukoil and Rosneft. The US has given companies until 21 November to wind down their transactions with the Russian oil producers.

The EU, which has previously said that from 21 January it will not take fuel produced at refineries that received or processed Russian oil 60 days prior to bill of lading date, adopted a 19th package of sanctions on Thursday.

## चाय दुकान कर्मचारी की जहर खाने से मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** गांधी नगर में एक चाय दुकान के कर्मचारी प्रकाश (45) ने शनिवार दोपहर जहर खा लिया। परिजन उन्हें तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिवार के अनुसार, प्रकाश पुत्र रूपचरण सुनहरे चाय की दुकान पर काम करते थे। करीब 9 महीने पहले पत्नी और बच्चों से विवाद के बाद वह अपनी मां के पास रहने लगे थे। शनिवार दोपहर उन्होंने जहर खा लिया और घर में सो गए। बाद में तबीयत बिगड़ने पर उन्होंने परिजनों को घटना की जानकारी दी। पुलिस का कहना है कि प्रकाश ने संभवतः पारिवारिक विवाद के कारण यह कदम उठाया, मामले की जांच शुरू कर दी है।

## महिला डॉक्टर के यहां चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** भंवरकुआ पुलिस ने डॉक्टर सारिका पति ऋषि विशाल वर्मा निवासी भोलराम उस्ताद मार्ग की शिकायत पर उसकी नौकरानी सोनू और पलक के खिलाफ चोरी के मामले में केस दर्ज किया है। डॉक्टर सारिका ने बताया कि अगस्त से लेकर अक्टूबर माह में उनके यहां से जेवर और नकदी चोरी हो गए। उन्होंने बताया कि सोनू और पलक के अलावा उनके यहां पर किसी का आना जाना नही है। हालांकि पुलिस ने इस मामले में संदेह के आधार पर दोनों महिलाओं को लेकर जांच शुरू की है।

# खाली गोदाम और घरो में फेंके जलते हुए पटाखे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। सोशल मीडिया पर कुछ युवकों का वीडियो वायरल हुआ है। इसे लेकर तीन थानों की पुलिस अराजकता फैला रहे युवकों की तलाश में जुटी है। बताया जाता है कि खाली पड़े गोदाम, बिल्डिंग और मकानों में जलते हुए पटाखे फेंककर आरोपियों ने आग लगाने की कोशिश की है।**



पुलिस के मुताबिक वायरल वीडियो मल्हारगंज और एरोड्रम इलाके के बीच का बताया जा रहा है। पिछले दो दिनों से पुलिस ऐसे युवकों को ढूंढने में लगी है। दीपावली के समय लड़कों ने जलते हुए पटाखे और आतिशबाजी करते हुए वीडियो बनाए। जिसमें वह बिल्डिंग और घरों में उसे फेंकते दिख रहे हैं। इस वायरल वीडियो को युवकों ने सोशल मीडिया पर भी वायरल किए है। इसके बाद उनकी जानकारी जुटाने में लगी है। दीपावली की शाम से लेकर अगले दिन अलसुबह तक करीब 19 स्थानों पर आगजनी की घटनाएं शहर में हुई थी। जिसमें मकान, दुकान, गोदाम, गुमटियां और कारे भी जली थी। दीपावली के बीच में ही स्क्रेप व्यापारी के यहां भी आगजनी जूनी इंदौर इलाके में हुई। जिसमें एक बच्चे की मौत हो गई। वही परिवार के लोगों की जान पर बन आई। ऐसे में वायरल वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अब युवकों की तलाश कर रही है।

## दिवाली पर हाईटेंशन लाइन से झुलसे फोटोग्राफर की मौत



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** राजेंद्र नगर क्षेत्र में दीपावली की तैयारियों के बीच एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां रहने वाले फोटोग्राफर संजय चौहान की करंट लगने से मौत हो गई। वह अपने घर पर रोशनी लगाने के दौरान हाईटेंशन लाइन की चपेट में आ गए थे। पांच दिन तक निजी अस्पताल में उपचार चलने के बाद शनिवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस ने रविवार को मर्ग कायम कर शव का पोस्टमॉर्टम जिला अस्पताल में करवाया है। राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार, संजय पुत्र दलसिंह चौहान (निवासी गमले वाली पुलिया) को 20 अक्टूबर को करंट लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पिता ने बताया कि तेज आवाज सुनकर जब वे मौके पर पहुंचे, तब तक संजय झुलस चुके थे। संजय पेशे से फोटोग्राफर थे। परिवार में पिता, एक बहन और पत्नी हैं। उनकी शादी वर्ष 2023 में हुई थी। परिजनों ने बताया कि हादसे के बाद से ही वह बेहोश थे और होश में नहीं आ पाए। परिवार ने घटना के बाद दीपावली का पूजन तक नही किया। हादसे के दिन से ही वह होश में नही आया था।

## लोन एप पर फोटो शेयर करने पर युवती से ब्लैकमेलिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** साइबर सेल में एक युवती ने शिकायत दर्ज कराई है कि लोन एप के जरिए उसके फोटो को एडिट कर न्यूड किया गया और वायरल करने की धमकी दी गई। 25 साल की युवती के साथ कुल 3540 रुपए की मांग की गई। पीड़िता ने पिता के साथ साइबर सेल में शिकायती आवेदन दिया, जिस पर पुलिस जांच कर रही है।

शिवमोती नगर में रहने वाली युवती ने बताया कि 25 दिन पहले उसने मोबाइल पर एक लोन एप डाउनलोड किया। एप द्वारा मांगी गई जानकारी, जैसे बैंक डिटेल्स और फोटो, उसने शेयर कर दी। एक फोटो अपलोड करने के बाद लोन रिजेक्ट होने का मैसेज आया। एक सप्ताह बाद युवती को मैसेज आया कि लोन का भुगतान करें। युवती ने बताया कि उसने कोई लोन नहीं लिया है। इसके बाद एप वालों ने अकाउंट चेक करने का बहाना बनाकर 1800 रुपए की मांग की। जब युवती ने भुगतान नहीं किया, तो 2190 रुपए पेनल्टी सहित मांगे गए और कहा कि पैसे नहीं देने पर परिचितों को फ्रॉड की जानकारी दी जाएगी। तीसरी बार कॉल कर 3000 रुपए जमा करने की धमकी दी गई और वॉट्सएप पर फोटो एडिट कर डाल दी, जिसे वायरल करने की धमकी दी गई। युवती ने घटना का खुलासा तब किया जब उसने घर पर खाना पीना बंद कर दिया। पिता ने बातचीत के बाद पूरी घटना की जानकारी जुटाई। इसके बाद साइबर हेल्पलाइन और राज्य साइबर सेल में लोन एप और संबंधित वॉट्सएप नंबर के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अकाउंटेंट की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** तुकोगंज इलाके में शनिवार रात 35 वर्षीय अकाउंटेंट सुशील कांटे की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह अपने घर के पास सड़क पर गिरे पाए गए। परिजन उन्हें एमवाय लेकर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सुशील अविवाहित थे और निजी ट्रेडिंग कंपनी में अकाउंटेंट के पद पर कार्यरत थे। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तुकोगंज पुलिस के अनुसार, सुशील (35) पुत्र रामचंद्र कांटे निवासी न्यू देवास रोड, अपने घर से लगभग आधा किलोमीटर दूर सड़क पर पड़े हुए मिले। पड़ोसियों ने रात करीब 12 बजे सुशील को बेहोश पाया और परिजनों को सूचना दी। परिवार के अनुसार, सुशील अक्सर रात में देर से घर आते थे। वह शराब के आदी थे और अविवाहित थे। परिवार में उनके माता-पिता और दो भाई हैं। पुलिस के प्रारंभिक अनुमान के अनुसार संभवतः गिरने से उनकी मौत हुई है।

Confidential Investigation & all type of Detective services
Successful Journey Since 2002...
प्रतिस्पर्धा का समय है।
स्वार्थियों, घर के भेदियों से भर गया है समाज।
सावधान रहना है सब से।
निगाह रखनी है लोगो पर, घटनाओं पर, वातावरण पर
कहीं ऐसा तो नहीं...
कोई साँप आस्तीन में छुपा हो ?
फूलों की सेज पर कुछ काँटे हों ?
व्यक्तिगत/व्यापारिक जीवन में कोई छिद्र हो ?
इस प्रकार की सभी व्यक्तिगत, व्यापारिक, राजनैतिक, कानूनी, सभी प्रकार के इन्वेस्टीगेशन कार्य... सबूत/प्रमाण हेतु मदद के लिये तैयार... कभी भी.... कहीं भी...
कब..क्यों..कहाँ..कितना..कैसे..!
DETECTIVE GROUP
पूर्ण गोपनीयता...पूर्ण विश्वसनीयता
www.detectivegroup.in
9826044334
9826044334
7312433667
" संपूर्ण विश्व हमारी सीमा में हैं "

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक